बच्चों को पढाई के साथ संस्कारवान भी बनाना जरूरी : दुलीचंद मीणा

- मानवीय शिक्षा पर आधारित विद्यालयी शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन
- बीकानेर की सरकारी व निजी शिक्षण संस्थाओं के 20 से अधिक विद्यालयों के 80 शिक्षकों ने भाग लिया

बीकानेर, (कासं)। नालन्दा पब्लिक सी.सै. स्कूल की करूणा क्लब इकाई के द्वारा शाला के सभागार में एक दिवसीय मानवीय शिक्षा पर आधारित अन्तर विद्यालयी शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बीकानेर की सरकारी व निजी शिक्षण संस्थाओं के 20 से अधिक विद्यालयों के 80 शिक्षकों ने इसमें अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) दुलीचंद मीणा ने कहा कि सही अर्थ में वेदना के प्रति संवेदना पैदा करना ही करूणा है। हमें आज के बच्चों को पढाई के साथ-साथ संस्कारवान भी बनाना है। हमें बच्चों के ऊपर यह बोझ नहीं लादना है कि आपको टॉपर बनना है, हमें उन्हें सही इंसान बनाना है। अगर आदमी डॉक्टर, इंजीनियर या कोई और भी बड़ा आदमी बन जाए और उसमें मानवीय संवेदना नहीं है।

बड़ों के प्रति सम्मान नहीं है, गुरू के प्रति आदर नहीं है, अपनों से छोटों के प्रति दयाभाव नहीं है तो वह व्यक्ति व्यक्ति कहलाने के लायक नहीं है। हमे आज के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नशे से दूर रखना होगा। मीणा ने बताया कि मेरे इतने लम्बे सेवा कार्यकाल में यह ऐसा पहला कार्यक्रम है कि जिसमें मैं अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा करूणा इंटरनेशनल बीकानेर के द्वारा यह कार्यक्रम 21वीं सदी की चुनौतियों की दृष्टि से अति प्रासंगिक है।

मानवीय शिक्षा पर आधारित विद्यालयी शिक्षक प्रशिक्षण शिविर को एडीएम (प्रशासन) दुलीचंद मीणा ने संबोधित किया।

प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए करूणा इंटनेशनल के निदेशक जतनलाल दुग्गड़ ने कहा कि मानवीय शिक्षा या मुल्यपरक शिक्षा के समुचित प्रचार के लिए शिक्षक महत्वपूर्ण धुरी होता है। भावी पीढ़ियों में सद्गुणों के संस्कार संप्रेषित कर शिक्षक ही महानता के गुणों का समावेश करते हैं। आज का यह शिक्षक प्रशिक्षण शिविर निश्चय ही करूणा गतिविधियों के प्रचार प्रसार का सार्थक प्रयास होगा। प्रत्येक शिक्षक हजारों-हजारों व्यक्तियों व उनके व्यक्तित्वों का निर्माण करेंगे। द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए ज्ञान विहार विश्वविद्यालय जयपुर के डीन प्रोफेसर टी.के. जैन ने कहा कि इस कार्यक्रम के द्वारा शिक्षक विद्यार्थियों को मानवीय मूल्यों व जीव दया तथा करूणा से जोड़ने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

शिक्षक और विद्यार्थी जो एक दूसरे के बिना अधूरे है। वो इन करूणा के कार्यक्रमों के द्वारा हमारे संस्कारों और रीति रिवाजों से जोड़ने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। यह प्रयास एक सार्थक प्रयास है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए उपनिदेशक जनसंपर्क हरिशंकर आचार्य ने कहा कि यह मानवीय मूल्यों पर आधारित यह शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम मानवीय सेवा की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने में सार्थक सिद्ध होगा। विद्यार्थी जो सही मायनों में देश का भविष्य है। उन तक करूणा की यह ज्ञानोपयोगी सामग्री पहुंचेगी और देश का भविष्य सुन्दर सुदृढ़ और उज्ज्वल होगा। समापन सत्र में डॉ नमामी शंकर आचार्य ने कहा कि करूणा इंटरनेशनल का यह कार्य आज के लोग व्यवसायी हो गए है। प्रत्येक काम में पैसे को तव्वजो प्रकृति संस्कार व मां बाप से अधिक देने लगे है।

पानी-बिजली सुचारू आपूर्ति के निर्देश

हनुमानगढ़, (कासं)। जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता में सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने दीपावली पर्व पर पानी-बिजली की सुचारू आपूर्ति, चिकित्सालयों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति और दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

कृषि अधिकारी किसानों को खाद, पानी की उपलब्धता अनुसार बिजाई के लिए एडवायजरी जारी करें। मंडियों में समर्थन मूल्य पर खरीद प्रक्रिया में किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने मौसमी और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव और जन जागरूकता के लिए सीएमएचओ और पीएमओ को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद शहर में नियमित फोगिंग कराएं और पानी भरे स्थानों में एमएलओ डलवाएं।

पटाखों की दुकानों वाले क्षेत्रों में आगजनी घटना रोकने के लिए फायर सेफ्टी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों में ई-फाइल सिस्टम से कार्य किया जा रहा है। फिर भी विभागीय उच्चाधिकारी नियमित रिव्यू करें। राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंम्बित प्रकरणों के संतुष्टिपूर्ण निस्तारण में भी गति आई है। इस दिशा में संवेदनशीलता से कार्य सम्पादित किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में गौवंश बेसहारा होकर सड़क व सार्वजनिक स्थानों पर देख जा सकते हैं।

सार-समाचार

कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

पाटन, (निसं)। डॉ. भीमराव अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान के द्विवार्षिक चुनाव छात्रावास परिसर में संपन्न हुए। मतदान सुबह 10 से 4 बजे तक हुआ जिसमें मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। कार्यकारिणी में 9 सदस्य निर्वाचित हुए। 11 सदस्य संरक्षक मंडल ने सर्वसहमति से कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर रामजीलाल, उपाध्यक्ष जुगल किशोर पत्रकार, महासचिव हरफूल मरोड़िया, शिक्षा सचिव किशन गांवली, कोषाध्यक्ष अमर सिंह को बनाया गया। वहीं सदस्य सुभाष सिंघल, बाबूलाल किरोड़ीवाल, शंकर लाल सिहोडिया रतनलाल बनें। संरक्षक मंडल में पूर्व कॉलेज आयुक्त प्रो केआर सिलोलिया, पूर्व कॉलेज प्राचार्य प्रो बीडी वर्मा, एडवोकेट भानाराम, प्रो डॉ. देवीप्रसाद वर्मा, संस्था पूर्व अध्यक्ष सवाई राम चौल्डा, निर्मला देवी, पूर्व उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. जीएल लूनिया, संस्था पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट अनिल वर्मा, शिवपाल भाटी, किशन लाल महरानियां, मदनलाल रसगनियां, पंकज महरानियाँ, बृजलाल कल्याणियाँ रहे। विजई कार्यकारिणी में निर्वाचित पदाधिकारियों सहित सदस्यों का माला पहना व मिठाई खिलाकर बधाई दी। मतदान स्थल पर पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहा। सभी पदाधिकारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि संस्थान में शिक्षा के प्रति नए नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। हमारी पहली प्राथमिकता बंद पड़ी कोचिंग को शुरू की जाएगी। संस्था के हित में होने वाले कार्यों को प्रमुखता से किया जाएगा। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि सामाजिक स्तर पर संरक्षक कमेटी बनाई जाएगी, संस्था हितों में होने वाले कार्यों पर सहमति देकर पटल पर रखेंगे। इस दौरान पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र महरानियां, सुल्तानाराम मरोडिया, हंसराज किलानियां, कपिल देव, किशोर सिंघल, अमिताभ झालरा, नेमीचंद वर्मा, उमेश मुंडोतिया, सतपाल भारती सहित कई लोग मौजूद रहे।

गौशाला में गायों को खिलाया गुड

सादुलपुर, (निसं)। वीर शहीद हवलदार तेजवीर धीधवाल की तीसरी पुण्यतिथि पर गांव डोकवा में शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सोमवार शाम चार बजे सामाजिक कार्यकर्ता एवं गोताखौर नरेन्द्र सांगवान ने बताया कि शहीद वीरांगना इंदिरा देवी ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही श्रद्धांजलि सभा में शहीद की बेटी अंकिता व भाविका ने अपने पापा के चरणों में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीद के चाचा भूतपूर्व सैनिक बलवीर धीधवाल, छोटे भाई आर्मी जवान धीर सिंह, ताऊ महावीर धीधवाल, सरपंच आजाद सहारण, संजय रणवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गौताखोर नरेंद्र सांगवान, शीशराम जाखड, महेंद्र नेहरा, सोमवीर सरावग, प्रिंसिपल ईश्वर धींधवाल, बलवान फौजी व हरि सिंह प्रजापत इत्यादि ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वीर शहीद को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए डोकवा की नवयुवक मंडल टीम ने शहीद जयप्रकाश कस्वां, गौशाला दुधवा खारा में शहीद की पुण्यतिथि पर ०1 क्विंटल 11 किलो अनाज व 51 किलो गुड तथा 11सौ रुपए एक दिन एंबुलेंस का खर्चा दिया व श्रद्धांजलि अर्पित की। गौशाला में शहीद की बेटी अंकिता ने गायों को गुड खिलाकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रधान रमेश धीधवाल नरेंद्र सांगवान, बिंटू धीधंवाल, विकु फौजी रतनपुरा, अनिल नाई, अनिल पूनिया भामासी, तेजपाल जाखड, मोनू धीधवाल व नरेंद्र महला इत्यादि ने गौशाला में गायों को गुड खिलाकर श्रद्धांजलि दी।

मृतक आश्रित को सौंपा दो लाख का चेक

चूरू, (कासं.)। निकटवर्ती ग्राम सहजूसर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा परिसर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक आश्रित को सोमवार को सहायक महाप्रबंधक मूलचंद मीणा ने 2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। शाखा प्रबंधक दिनेश तंवर ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में खाता धारक आबिद खान की सामान्य मृत्यु होने पर मृतक आश्रित उसकी पत्नी सबीना बानो को दो लाख का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान सहायक महाप्रबंधक मूलचंद मीणा ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में खाता खुलाने पर प्रधानमंत्री सड़क सुरक्षा बीमा योजना में प्रत्येक खाताधारक को 20 रूपये वार्षिक व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 434 रूपये वार्षिक जमा कराने पर प्रत्येक खाताधारक को इस बीमा क्लेम का लाभ मिलता है।

मुख्यमंत्री का जताया आभार

चूरू, (कासं.)। राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरू आवास पर विधायक हरलाल सहारण ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके चूरू के लिए 16.7 करोड़ रुपए स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। यहां विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि आगामी तीन वर्षों के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व खुद उन्होंने प्रयास कर कचरा संठाहण एवं विभिन्न विकास कार्यों के लिए सरकार से आग्रह किया था, जिस पर राज्य सरकार ने 16.7 करोड़ रुपए पास कर चूरू के लिए दीपावली पर सौगात दी है। सहारण ने कहा कि वर्तमान सभापति पिछले पांच साल तक पद पर रहे और इस दौरान लगभग चार वर्षों तक कांठोस का शासन रहा, परन्तु उन्होंने कभी भी इस प्रकार के विकास कार्यों के बारे में चर्चा नहीं की। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही चूरू में कचरा संठाहण कर उससे खाद बनाकर किसानों को दी जायेगी। नगरपरिषद में नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल ने इस राशि के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड व विधायक हरलाल सहारण का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से चूरू को यह सौगात मिली है। प्रधान दीपचन्द राहड़ व उपजिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी, जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच, सह संयोजक राजीव शर्मा, सीपी शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बसावतिया का अध्यक्ष पद पर मनोनयन

झुंझुनूं, (निसं)। शहर में सामाजिक सरोकार और धार्मिक क्षेत्र में अलग ही पहचान रखने वाले महेश बसावतिया को सनातन धर्म उत्थान समिति का राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी नियुक्ति संगठन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पांडेय की अनुशंसा पर राष्ट्रीय नियुक्ति प्रभारी अतुल सिंह ने की। बसावतिया के मनोनयन पर जिले में खुशी की लहर है व बधाइयों का तांता लगा हुआ है। आपको बता दें कि बसावतिया ने सामाजिक सरोकार व धार्मिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। यदि निस्वार्थ भाव से सनातन धर्म के पुरोधा साधु संतों का आदर सत्कार व उनके द्वारा धार्मिक आयोजन में विशेष भूमिका निभाने में महेश बसावतिया का नाम अठिाम पंक्ति में आता है।

शिकार करने से पहले ही चार शिकारी दबोचे, 8 बंदूक बरामद

- दो आरोपी मौके से रात को अंधेरे में फरार हो गए थे
- 20 दिन में वनपाल ने 8 बंदूकें बरामद की

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ उप वन संरक्षक की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार शिकारियों को शिकार करने से पहले ही पकड़ लिया।

यह कार्रवाई 24 अक्टूबर की रात को गणेशगढ़ से उमेवाला की रोही में की गई। आरोपियों के पास से एक बंदूक भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों से वन अधिनियम के तहत एक लाख रूपए का जुर्माना वसूल किया गया है। बंदूक बरामदगी का आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

श्रीगंगानगर के उपवन संरक्षक दिलीप सिंह राठौड़ और हनुमानगढ़ के उपवन संरक्षक सुरेश कुमार आबूसरिया ने बताया कि जबर खान पुत्र असगर अली निवासी 9 एलएलडब्लयू तथा बरकत अली पुत्र सावन खान निवासी 3 केकेडब्लयू को रात को मौके से ही पकड़ा गया। इनके साथी फरार हुए मुनाफ खान पुत्र रहमत अली निवासी 3 केकेडब्लयू एवं शौकत अली पुत्र फतेह मोहम्मद निवासी 9 एलएलडब्लयू को अगले दिन गिरफ्तार कर एक टोपीदार बंदूक जब्त की गई।

विशाल गोदारा रेंजर पीलीबंगा ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9/51 के तहत वन्य जीव नीलगाय के शिकार के प्रयास में मुकदमा दर्ज कर एक लाख रूपए जुर्माना वसूला है। जब्त टोपीदार बंदूक का आर्म्स एक्ट में पीलीबंगा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया जा रहा है। वनपाल राजीव को मुखबिर से सूचना मिली थी। फिर संयुक्त टीम गठित की। उपवन संरक्षक दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि वनपाल राजीव बिश्नोई को मुखबिर से सूचना मिली कि गणेशगढ़ की रोही में चार शिकारी वन्य जीवों का शिकार करने की फिराक में घूम रहे हैं।

इस पर तुरंत ही क्षेत्रीय वन अधिकारी संतोष यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर वनपाल राजीव, सहायक वनपाल मदनलाल, वनरक्षक गौरीशंकर, पवन कुमार, डूंगरलाल, रामप्रसाद गश्त को रवाना हुए।

इस दौरान शिकारियों के उमेवाला रोही में होने की सूचना पर पीलीबंगा के रेंजर विशाल गोदारा सूचना पर मौके पर पहुंचे। शिकारियों की उमेवाली रोही में तलाश शुरू की। तब दोनों जिलों के वन मंडल की संयुक्त टीम ने चार संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा किया। दो को काबू कर लिया गया। संयुक्त टीम ने रात को पैदल गश्त करते हुए चारों आरोपियों को मौके पर पकड़ने को घेराबंदी की लेकिन रात के अंधेरे का फायदा उठाकर दो आरोपी फरार हो जाने में कामयाब रहे। मौके पर पकड़े गए दोनों आरोपियों ने फरार हुए आरोपियों के बारे में बताया। मौके से फरार आरोपी मुनाफ खान निवासी 3 केकेडब्लयू एवं शौकत अली निवासी 9 एलएलडब्लयू को गिरफ्तार कर एक टोपीदार बंदूक जब्त की गई।

मानक लेखन प्रतियोगिता आयोजित

चूरू, (कासं.)। जिला मुख्यालय पर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू में भारतीय मानक ब्यूरो जयपुर शाखा के तत्वाधान में गठित मानक क्लब की इस सत्र की द्वितीय गतिविधि मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अर्पिता सोनी अतिरिक्त जिला कलेक्टर चूरू ने समस्त प्रतिभागियों को विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में पारितोषिक दिए।

मानक क्लब की मेंटर रसायन विज्ञान शिक्षिका सीमा शर्मा ने मानक क्लब के उद्देश्य, भारतीय मानक ब्यूरो के आई एस आई मार्क, हॉलमार्क एवं उत्पादों की शुद्धता, मानकीकरण एवं गुणवत्ता की पहचान तथा मानक लेखन के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। मानक लेखन प्रतियोगिता में मानक क्लब के सभी 60 विद्यार्थियों ने अत्यधिक उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंशिका व ऋतु, द्वितीय स्थान निकिता व पलक, तृतीय स्थान भावना व आरती तथा चतुर्थ स्थान यश व जिग्नेश ने प्राप्त किया।

अक्षिता,जतिन व हर्षिता का आरजेएस में चयन

- तीनों पहले ही प्रयास में सफल हुए

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर के पुरानी आबादी के रहने वाले जतिन कड़ेला, टांटिया यूनिवर्सिटी में फाइव ईयर लॉ की स्टूडेंट हर्षिता चावला और श्रीकरणपुर की अक्षिता अवस्थी ने पहले ही प्रयास में राजस्थान ज्यूडिशियल सर्विसेज यानी आरजेएस की परीक्षा में सफलता हासिल की है। तीनों की सफलता की जानकारी मिलने के साथ ही उनके घरों में उत्सव का माहौल हो गया।

आरजेएस का रिजल्ट जारी किया गया। इसमें 97 वीं रैंक पर चयनित हर्षिता चावला ने बताया का उसके परिवार में अब से पहले कोई सरकारी सेवा में नहीं है। यह कड़ी मेहनत और भगवान के आशीर्वाद का ही परिणाम रहा कि उसे यह सफलता मिली। उसने बताया कि उसे न्यायिक सेवा में जाने की इच्छा ताकि पीड़ित वर्ग को न्याय मिल सके। हर्षिता ने बताया कि उसके पिता हरबंसलाल चावला एक प्राइवेट कंपनी में डिजिटल मार्केटिंग से जुड़ा काम देखते हैं। जबकि मां हाउस वाइफ हैं। हर्षिता ने बताया कि उसने न्यायिक अधिकारी बनने के इरादे से लॉ के तीसरे साल में तैयारी शुरू की। हर दिन पांच से छह घंटे तक पढ़ाई की। इसके बाद जब परीक्षा का समय आया तो डेली स्टडी टाइम बढ़ा दिया। इसी का परिणाम रहा कि पहले ही अटैम्प में उसे सफलता मिली। बाइस साल की हर्षिता को इतनी कम उम्र में सफलता मिलने से परिवार में बेहद खुशी का माहौल है।

इसी परीक्षा में 202 वीं रैंक पर पहले ही प्रयास में चुने गए 21 साल के जतिन सफलता के लिए पिता के मागदर्शन को कारण बताते हैं। वे बताते हैं कि उनके पिता ने उन्हें लगातार मार्गदर्शन दिया। पिता एडवोकेट हैं, ऐसे में उन्होंने लॉ की बारीकियां समझाई। नेशनल लॉ युनिवर्सिटी जोधपुर से फाइव इन्यर लॉ करने के पांचवें साल में आरजेएस की तैयारी करने का विचार आया। शुरू में तीन से चार घंटे डेली स्टडी की लेकिन बाद में टाइम बढ़ा दिया।

नामांकन पत्रों की जांच पूरी, दो प्रत्याशियों ने लिए नाम वापिस

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं में प्रस्तावित उप चुनावों को लेकर दाखिल किए नामांकन पत्रों की सोमवार को जांच हुई। जांच के बाद रिटायर्ड आईएएस अशफाक हुसैन द्वारा बसपा से दाखिल किया नामांकन टिकट के अभाव में निरस्त कर दिया गया। लेकिन सोमवार को ही अशफाक हुसैन ने अपना निर्दलीय नामांकन भी वापिस लेकर चुनाव मैदान छोड़ दिया है।

रिटर्निंग अधिकारी हवाई सिंह यादव ने बताया कि सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच में 14 उम्मीदवारों के 20 नामांकन पत्र सही मिले। सिर्फ बसपा से नामांकन टिकट के अभाव में निरस्त किया गया। हवाईसिंह यादव ने बताया कि 30 अक्टूबर को दोपहर तीन बजे तक नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। इसके तुरंत बाद चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। इधर, निर्दलीय अशफाक हुसैन के अलावा पीपुल्स ठीन पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र सिंह ने भी अपना नामांकन भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के समर्थन में वापिस ले लिया। उन्होंने अपना समर्थन राजेंद्र भांबू को दिया है। अब चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी शेष रहे है। आपको बता दें कि रिटायर्ड आईएएस अशफाक हुसैन ने बसपा से और निर्दलीय, दो नामांकन दाखिल किए थे। सोमवार को जांच में उनका बसपा से भरा गया नामांकन टिकट ना होने से निरस्त हो गया। जबकि निर्दलीय नामांकन उन्होंने मुस्लिम महापंचायत में नाम वापसी की घोषणा के बाद वापिस ले लिया। अभी आने वाले दो दिनों में नामांकन वापिस लेने वालों पर सबकी नजर रहेगी। वहीं भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के समर्थन में पहले बबलू चौधरी और डॉ. कमलचंद सैनी का नामांकन दाखिल नहीं करना और पीपुल्स ग्रीन पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र सिंह का समर्थन देना। भाजपा के लिए किसी सुखद खबर से कम नहीं है।

दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर रेलवे स्टेशन, ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ाई

बीकानेर, (कासं)। मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना से सबक लेते हुए रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने बीकानेर रेलवे स्टेशन पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान डॉग स्क्वायड की मदद भी ली गई। आगामी दिनों में दीपावली,छठ पर्व त्यौहारों भी है ऐसे में रेलवे स्टेशन पर भीड़ का दबाव बढ़ने लगा है।

यात्रियों की इस भीड़ के चलते भगदड़ और अन्य हादसों की संभावना को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। आरपीएफ ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चौकसी बढ़ा दी है और विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं ताकि त्यौहारी सीजन में सभी का सफर सुरक्षित और सुगम रहे।

आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षित यातायात बनाए रखने के लिए आरपीएफ के जवान विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। बीकानेर रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है, जो प्लेटफार्मों और ट्रेन के प्रवेश द्वारों पर निगरानी रख रहे हैं। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्यवाही की जा सके। इस दौरान भीड़ को सुव्यवस्थित ढंग से नियंत्रित करने के लिए प्लेटफार्मों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की भी नियुक्ति की गई है। यात्रियों को सुरक्षित तरीके से ट्रेन में चढ़ने-उतरने में सहायता करने के साथ ही उनके सामान की सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जा रहा है। आरपीएफ द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम का भी इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि यात्रियों को सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश समय-समय पर दिए जा सकें।

रोजगार शिविर में बीकानेर के 789 बेरोजगार आशार्थियों का प्रारंभिक चयन

- शिविर में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के 14 संस्थानों ने भाग लिया

हनुमानगढ़, (कासं)। युवाओं को रोजगार देने, स्वरोजगार हेतु विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 28 अक्टूबर को जंक्शन स्थित सिविल लाइन सामुदायिक भवन में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में एक हजार से अधिक आशार्थियों ने हिस्सा लिया। जिला कलेक्टर कानाराम ने रोजगार शिविर का अवलोकन किया। जिला कलेक्टर ने प्रत्येक स्टॉल पर मौजूद कंपनी प्रतिनिधियों, नियोक्ताओं और आशार्थियों से संवाद किया। जिला रोजगार अधिकारी विनोद गोदारा ने बताया कि शिविर में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के 14 संस्थानों ने हिस्सा लिया। शिविर में निजी क्षेत्र की कंपनियों, फैक्ट्रियों और संस्थानों ने 208 आशार्थियों, प्रशिक्षण संस्थान ने 323 एवं स्वरोजगार हेतु 258 बेरोजगार आशार्थियों का प्रारंभिक चयन किया। इन 789 बेरोजगार आशार्थियों का प्रशिक्षण, स्वरोजगार हेतु ऋण, निजी संस्थानों द्वारा रोजगार हेतु अंतिम चयन किया जायेगा। गोदारा ने कहा कि शिविर में रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास हेतु विभिन्न संस्थाएं और ट्रेनिंग पार्टनर हिस्सा ले रहे हैं। विभाग का कार्य युवाओं और संस्थाओं को एक मंच प्रदान कर संवाद स्थापित करना है।

हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने जंक्शन स्थित सिविल लाइन सामुदायिक भवन में आयोजित रोजगार शिविर का अवलोकन किया।

इस वर्ष और भी रोजगार शिविर आयोजित किए जायेंगे, जिससे युवा लाभान्वित हो। रोजगार सहायता शिविर में हनुमानगढ़ विधायक गणेशराज बसंल ने बेरोजगार आशार्थियों को शिविर में रोजगार मिलने पर शुभकामनाएं दी।

जनप्रतिनिधि अमित सहू ने राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा युवाओं को विभिन्न क्षेत्र में नियुक्तियों के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। युवाओं के भविष्य पर कुठाराघात करने वालों के खिलाफ एसआईटी के माध्यम से लगातार कार्रवाई की जा रही है। शिविर में जिले के उद्योगपति शिवरतन खड़गावत ने अपने अनुभव साझा किए।

माहिर बीकानेरी की गज़लें अवाम को प्रभावित करती है : जोशी

बीकानेर, (कासं)। संवेदना के स्तर पर माहिर बीकानेरी की गज़लें अवाम को प्रभावित करती है। क्योंकि इनकी गज़लें समसामयिक विषयों पर वैचारिक धरातल तैयार करती है और इनकी गजलों में आम आदमी की पीड़ा बेबसी और तकलीफें प्रकट होती है।

यह कहना था साहित्यकार और केन्द्रीय साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सदस्य डॉक्टर बृजरतन जोशी का जो अस्मत अमीन सभागार में बीकानेर के वरिष्ठ शायर गुलाम मोहियुद्दीन माहिर की हाल ही प्रकाशित कृति लम्स पर अपना अध्यक्षीय उद्बोधन दे रहे थे। सोशल प्रोग्रेसिव सोसायटी बीकानेर के अध्यक्ष नदीम अहमद नदीम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि माहिर शायरी की शानदार परंपरा का निर्वहन करने वाले उस्ताद शायर हैं। अपने दादा हजरत बेदिल और पिता मोहम्मद अयूब सालिक के साहित्यिक संस्कारों को आत्मसात किया।

नए प्रतिमान स्थापित कर रहे हैं। मुख्य अतिथि शायर रवि शुक्ला ने कहा कि गुलाम मोहियुद्दीन माहिर की गजलों को पढ़कर लगता है कि आप इंसानियत को गहराई तक बेहतर समझ सकते हैं। तभी तो इनके अशआर पढ़कर आम आदमी आश्चर्य चकित रह जाता है कि गूढ़ बातों को कितनी सहजता से संप्रेषित कर देते हैं। संप्रेषणीयता का यह गुण माहिर को दीगर शायरों से अलग करता है। लम्स पर पत्र वाचन करते हुए युवा साहित्यकार संजय जनागल ने कहा की गुलाम मोहियुद्दीन माहिर ऐसे शायर है जो समाज की संगतियों को उजागर तो करते हैं।


गज़ल संग्रह 'लम्स' का विमोचन डॉ बृजरतन जोशी ने किया।